बेर फल मक्खी प्रबंधन

बेर शुष्क क्षेत्र का एक लोकप्रिय पौष्टिक फल है।
फल मक्खियों द्वारा क्षति के कारण इसकी उत्पादकता बहुत कम हो जाती है

- बेर फल मक्खी एक बहुत ही नुकसान दायक कीट है इसके कारण 80 प्रतिशत तक नुकसान हो जाता है।
- इन मक्खियों की लट फलों के गूदे को खाती है। जिसकी वजह से फल सड़ जाते हैं, खाने योग्य नहीं रहते और इनके बाजार मूल्य में कमी आ जाती है।

प्रबन्धन

शस्य क्रियाओं द्वारा

- गर्मी और बरसात के मौसम में बाग की मिट्टी में गहरी जुताई करने से मिट्टी में स्थित प्यूपा नष्ट हो जाते हैं।
- नीम की खल मिट्टी में मिलाना।
- मक्खी से संक्रमित फलों को एकत्र करके नष्ट कर देना चाहिए।
- टिकड़ी जैसी प्रतिरोधी किस्मों का उपयोग करना।

रासायनिक

- फलों का आकार मटर के दाने जितना हो जाने पर क्विनालफॉस 30 ईसी का 1.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से पहला और 15 से 20 दिनों के बाद दूसरा छिड़काव इस कीट को नियंत्रित करने में बहुत प्रभावी है।

योगदान: **निशा पटेल**
भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर 342 003 (भारत)
www.cazri.res.in

काजरी फैक्टशीट: 2021

CAZRI®
Enhancing resilience of arid lands